Number of Pages in Booklet: 12
पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या : 12
Number of Questions is Booklet :100
पुस्तिका में प्रश्नों की संख्या : 100

Serial No. of Booklet
पुस्तिका क्रमांक 280071

Admission Test for PG Courses
URATPG - 2022
SANSKRIT
Subject Code / विषय कोड – 30

Roll No. of Candidate / अभ्यर्थी का अनुक्रमांक : .....

OMR Serial Number / ओ. एम. आर. क्रमांक : .....

Signature of Candidate / अभ्यर्थी के हस्ताक्षर : .....

Date of Examination / परीक्षा तिथि : .....

Signature of Invigilator / वीक्षक के हस्ताक्षर : .....

Time/समय : Two Hours/ दो घण्टे **Maximum Marks/पूर्णांक : 100**

INSTRUCTIONS

1. Answer all questions.
2. All questions carry equal marks.
3. The questions from serial no. 01 to serial no.100 are subject specific in the booklet.
4. Each question has four alternatives marked as (A), (B), (C), (D).
5. Choose only one alternative as an answer of a question.
6. If more than one answer is marked, then it will be treated as wrong answer.
7. Candidate has to darken only one circle indicating the correct answer on the OMR sheets using **BLUE / BLACK BALL POINT PEN.**
8. There is no provision of **Negative marking.**
9. Carrying Mobile phone in the examination hall is strictly prohibited. If any prohibited material is found, then action will be taken as per University norms.
10. Please fill your Roll No. and other information carefully on OMR sheet. In case of any mistake on OMR sheet, candidate will be responsible.
11. If there is any difference between English and Hindi version of questions, then English version shall be considered correct.

निर्देश

1. सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिये।
2. सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।
3. इस प्रश्न पुस्तिका में क्रमांक 1 से क्रमांक 100 तक के प्रश्न विषय से संबंधित हैं।
4. प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर हैं जिन्हें क्रमश : (A), (B), (C), (D) से अंकित किया गया हैं।
5. प्रत्येक प्रश्न का केवल एक विकल्प उत्तर के रूप में चुनिये।
6. एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न का उत्तर गलत माना जाएगा।
7. अभ्यर्थी को सही उत्तर हेतु केवल एक गोले को ओ. एम. आर. शीट पर **नीले / काले बॉल प्वाइंट पेन** से भरना हैं।
8. **नकारात्मक अंक** प्रदान करने का कोई प्रावधान नहीं हैं।
9. मोबाइल फोन का परीक्षा हॉल में लाना पूर्णतया निषिद्ध हैं। साथ ही कोई भी अन्य वर्जित सामग्री मिलने पर विश्वविद्यालय के नियमनानुसार कार्यवाही होगी।
10. अभ्यर्थी अपना रोल नम्बर एवं अन्य जानकारियाँ ओ. एम. आर. शीट पर सावधानी से भरें। ओ. एम. आर. शीट पर कोई भी त्रुटि होने पर उसका पूर्ण दायित्व अभ्यर्थी का होगा।
11. यदि प्रश्नों के हिन्दी और अंग्रेजी रूपान्तरणों के मध्य किसी प्रकार फर्क पाया जाता है, तब अंग्रेजी रूपान्तरण को ही सही माना जायेगा।

1. उदयन के मन्त्री का नाम क्या था?

(अ) वसन्तक

(ब) यौगन्धरायण

(स) वैतानिक

(द) मातलि

2. वासवदत्ता किस राज्य की राजकुमारी थी?

(अ) अवन्तिका

(ब) वत्स

(स) गान्धार

(द) मगध

3. वासवदत्ता ने माला में कौनसी औषधि गूँथने से मना कर दिया था?

(अ) अविधवाकरण

(ब) विधवाकरण

(स) सपत्नीमर्दन

(द) सधवाकरण

4. किसके रहते आभूषण की आवश्यकता नहीं होती?

(अ) लज्जा

(ब) मित्र

(स) आग

(द) विद्या

5. धन की कितनी गति कही गई हैं?

(अ) 2

(ब) 3

(स) 4

(द) 5

6. शास्त्र में किसकी कोई औषधि नहीं मानी है?

(अ) मूर्ख

(ब) तपस्वी

(स) राजा

(द) सज्जन

7. राजा दिलीप किस ऋषि के आश्रम गए?

(अ) विश्वामित्र (ब) अत्रि

(स) वसिष्ठ (द) गौतम

8. रघु किनके पुत्र थे?

(अ) अज

(ब) मनु

(स) दिलीप

(द) पुण्डरीक

9. कालिदास को दीपशिखा उपाधि किस काव्य के आधार पर दी गई?

(अ) कुमारसम्भव

(ब) ऋतुसंहार

(स) मेघदूत

(द) रघुवंश

10. 'हीन' अर्थ में अनु के योग में कौनसी विभक्ति होती है?

(अ) तृतीया

(ब) द्वितीया

(स) पंचमी

(द) षष्ठी

11. 'उत्पात' से सूचित अर्थ में विभक्ति होती है

(अ) तृतीया

(ब) द्वितीया

(स) पंचमी

(द) चतुर्थी

12. शिशु के उत्पन्न होते ही कौनसा संस्कार होता है?

(अ) जातकर्म

(ब) नामकरण

(स) अन्नप्राशन

(द) चूड़ाकरण

13. स्वाध्याय किस महायज्ञ से सम्बद्ध है?

(अ) दैवयज्ञ

(ब) ब्रह्मयज्ञ

(स) पितृयज्ञ

(द) भूतयज्ञ

14. ब्राह्मण बालक का उपनयन कितने वर्ष में करना चाहिए?

(अ) सात

(ब) आठ

(स) दस

(द) ग्यारह

15. दो बैलों की जोड़ी लेकर कन्या देना कौनसा विवाह कहलाता है?

(अ) ब्राह्म विवाह

(ब) गन्धर्व विवाह

(स) आर्षविवाह

(द) राक्षस विवाह

16. अध्ययन की समाप्ति पर आचार्य द्वारा दीक्षा दी जाती है, उस संस्कार को कहते हैं?

(अ) विद्यारम्भ

(ब) उपनयन

(स) समावर्तन

(द) निष्क्रमण

17. गुप्तचर दुर्योधन के राज्य का समाचार लेकर युधिष्ठिर के पास कहाँ उपस्थित हुए?

(अ) हस्तिनापुर

(ब) द्वैतवन

(स) इन्द्रप्रस्थ

(द) विराटनगर

18. 'हितं मनोहारि च दुर्लभं वचः' किस ग्रन्थ से सम्बन्धित है?

(अ) किरातार्जुनीयम्

(ब) शिशुपालवधम्

(स) नैषधचरितम्

(द) रघुवंशम्

19. किरातार्जुनीयम् महाकाव्य में कितने सर्ग हैं?

(अ) 20

(ब) 19

(स) 18

(द) 17

20. सखि शब्द को छोड़कर जिनकी नदी संज्ञा नहीं होती उनकी कौनसी संज्ञा होती है?

(अ) घि

(ब) वृद्धि

(स) गति

(द) उपधा

21. अन्तिम अल् से पूर्व वाले वर्ण की संज्ञा होती है।

(अ) घि

(ब) अपृक्त

(स) गति

(द) उपधा

22. वर्णों की अत्यन्त सन्निकटता कहलाती है

(अ) संहिता

(ब) सन्धि

(स) समास

(द) उपधा

23. एक अल् वाले वर्ण की संज्ञा होती है।

(अ) घि

(ब) अपृक्त

(स) नदी

(द) उपधा

24. सन्धि के कितने प्रकार हैं?

(अ) 3

(ब) 4

(स) 5

(द) 64

25. नदी + उदकम् की सन्धि है–

(अ) नदीउदकम् (ब) नद्युदकम्

(स) नद्योदकम् (द) नद्यूदकम्

26. रामश्चलति किसका उदाहरण है?

(अ) यण्

(ब) हल्

(स) वृद्धि

(द) गुण

27. 'कष्ट' शब्द का सन्धि–विच्छेद क्या होता है?

(अ) कष् + त्

(ब) कस् + ट्

(स) कष् + ट

(द) कस् + त

28. कुं + ठित की सन्धि होती है?

(अ) कुन्ठित

(ब) कुंठित

(स) कुम्ठित

(द) कुण्ठित

29. आ, ऐ, औ की संज्ञा होती है

(अ) यण्

(ब) हल्

(स) वृद्धि

(द) गुण

30. 'नायक' शब्द में कौनसी सन्धि है?

(अ) अयादि

(ब) हल्

(स) वृद्धि

(द) गुण

31. शिवस् + अर्च्य की सन्धि है।

(अ) शिवाऽर्च्य

(ब) शिवऽर्च्य

(स) शिवसर्च्य

(द) शिवस्चर्य

32. 'शप्यम्' पद में सन्धिविच्छेद है?

(अ) शप् + यत्

(ब) शप् + ण्यत्

(स) शप् + क्यप्

(द) शप् + कृत्

33. 'वृत्य'– पद में प्रत्यय है?

(अ) यत्

(ब) ण्यत्

(स) क्यप्

(द) ल्यप्

34. सृज् + तव्यत् की सन्धि है?

(अ) सृष्टव्य

(ब) स्रष्टव्य

(स) सृजतव्य

(द) स्रजतव्य

35. 'कर्ता' पद में प्रत्यय है।

(अ) तृच्

(ब) ण्यत्

(स) क्त

(द) ण्वुल्

36. 'घृतमुख' किसकी संज्ञा है?

(अ) अग्नि

(ब) इन्द्र

(स) वरुण

(द) उषस्

37. किस देवता को कठोर दण्ड देने वाला कहा है?

(अ) अग्नि

(ब) इन्द्र

(स) वरुण

(द) सोम

38. ऋग्वेद का अन्तिम सूक्त कौनसा है?

(अ) अग्नि

(ब) इन्द्र

(स) संज्ञान

(द) पुरुष

39. वृत्र को किसने मारा था?

(अ) रुद्र

(ब) इन्द्र

(स) सूर्य

(द) पुरुष

40. ऋग्वेद में कितने सूक्त हैं?

(अ) 1028

(ब) 1015

(स) 1035

(द) 1064

41. नचिकेता के पितामह का नाम है।

(अ) वाजश्रवा (ब) अरुण

(स) गौतम (द) उद्दालक

42. नचिकेता यम के घर कितने दिन भूखा रहा?

(अ) दो

(ब) तीन

(स) पाँच

(द) चार

43. नचिकेता ने द्वितीय वर के रूप में क्या मांगा?

(अ) पिता की सन्तुष्टि

(ब) अग्निविद्या का उपदेश

(स) मोक्ष का उपदेश

(द) आत्मतत्व का उपदेश

44. मन्द बुद्धि व्यक्ति किस का वरण करता है?

(अ) श्रेय (ब) प्रेय

(स) मृत्यु (द) मोक्ष

45. शुकनास ने किसे उपदेश दिया?

(अ) ताड़ापीड़ (ब) शूद्रक

(स) चन्द्रापीड़ (द) पुण्डरीक

46. गुरु का उपदेश किसके समान कान को पीड़ा देता है?

(अ) आग (ब) जल

(स) अन्धकार (द) तेल

47. जराविहीन वृद्धावस्था किसे कहा गया है?

(अ) गुरु का उपदेश (ब) लक्ष्मी

(स) यौवन (द) आभूषण

48. पुरोहितों के कुशाग्ररूपी मर्जनी से किसे दूर फेंक दिया जाता है?

(अ) उदारता

(ब) क्षमा

(स) वार्धक्य

(द) कीर्ति

49. जड़ी बूटियों द्वारा किसको हटाया नहीं जा सकता?

(अ) विषम मोह

(ब) विषयभोग

(स) अभिज्ञान

(द) प्रभुत्व

50. शुकनासोपदेश किस ग्रन्थ का अंश है?

(अ) हर्षचरित

(ब) कादम्बरी

(स) कथासरित्सागर

(द) विदूरनीति

51. यजुर्वेद में कितने अध्याय हैं?

(अ) 40

(ब) 20

(स) 37

(द) 55

52. अथर्ववेद का ज्ञाता होता है?

(अ) होता

(ब) उद्गाता

(स) अध्वर्यु

(द) ब्रह्मा

53. ऋग्वेद का नवम मण्डल कहलाता है।

(अ) वंशमण्डल

(ब) अर्वाचीन मण्डल

(स) पवमान मण्डल

(द) ऋषिमण्डल

54. मति शब्द के पंचमी विभक्ति का एकवचन का रूप है।

(अ) मतेः

(ब) मत्यै

(स) मतौ

(द) मतये

55. शम्भु शब्द की द्वितीया विभक्ति के बहुवचन का रूप है।

(अ) शम्भुम्

(ब) शम्भून्

(स) शम्भवः

(द) शम्भू

56. अस्मद् शब्द की चतुर्थी विभक्ति एकवचन का रूप है।

(अ) मम

(ब) मह्यम्

(स) मया

(द) मयि

57. 'यस्मै' किस शब्द की किस विभक्ति का रूप है?

(अ) यद् द्वितीया एकवचन

(ब) यद् चतुर्थी एकवचन

(स) यद् पंचमी एकवचन

(द) यद् सप्तमी एकवचन

58. दुष्यन्त की मनःस्थिति जानने के लिए मेनका ने किसे भेजा था?

(अ) तिलोत्तमा

(ब) उर्वशी

(स) रम्भा

(द) सानुमति

59. दुष्यन्त कहाँ के शासक है?

(अ) हस्तिनापुर (ब) मगध

(स) उज्जयनी (द) कौशल

60. पतिगृह जाती हुई शकुन्तला को कश्यप ऋषि ने क्या आशीर्वाद दिया?

(अ) चक्रवर्ती पुत्रप्राप्ति

(ब) धनप्राप्ति

(स) महादेवीपद प्राप्ति

(द) यशप्राप्ति

61. अभिज्ञानशाकुन्तलम् के प्रारम्भ में किसकी स्तुति की गई है?

(अ) शिव (ब) विष्णु

(स) देवी (द) गणेश

62. ऋषि कश्यप किस के पुत्र हैं?

(अ) मरीचि

(ब) अत्रि

(स) कण्व

(द) विश्वामित्र

63. शकुन्तला के शाप को किसने कम करवाया?

(अ) अनसूया

(ब) प्रियम्वदा

(स) गौतमी

(द) मेनका

64. अभिज्ञानशाकुन्तलम् में विदूषक का क्या नाम है?

(अ) वसन्तक

(ब) माढव्य

(स) मधुकर

(द) रम्यक

65. जब हेतु के होने पर भी फल का अभाव दिखाया जाए वहाँ अलंकार होता है।

(अ) अन्योक्ति

(ब) विशेषोक्ति

(स) निदर्शना

(द) विभावना

66. जहाँ कारण के बिना कार्य की उत्पत्ति दिखाई जाती है वहाँ अलंकार होता है।

(अ) स्वभावोक्ति

(ब) समासोक्ति

(स) विभावना

(द) दीपक

67. जहाँ अप्रस्तुत और प्रस्तुत का एक धर्म के साथ सम्बन्ध हो उसे कहते हैं।

(अ) विभावना

(ब) निदर्शना

(स) दीपक

(द) दृष्टान्त

68. इन्द्रवज्रा एवं उपेन्द्रवज्रा के मिश्रण से कौनसा छन्द बनता है?

(अ) वसन्तलिका

(ब) उपजाति

(स) अनुष्टुप्

(द) मालिनी

69. किस छन्द में 12 एवं 7 पर यति होती है?

(अ) शार्दूलविक्रीडितम्

(ब) मन्दाक्रान्ता

(स) वंशस्थ

(द) शिखरिणी

70. शिवराजविजय के लेखक है?

(अ) पद्मशास्त्री

(ब) मधुसूदनओझा

(स) सूर्यनारायणशास्त्री

(द) अम्बिकादत्त व्यास

71. राष्ट्रवेद के लेखक हैं?

(अ) नवलकिशोर कांकर

(ब) नारायणशास्त्री कांकर

(स) मधुसूदन ओझा

(द) मोतीलालशास्त्री

72. आदर्शदम्पत्ति कहानी के लेखक हैं?

(अ) पद्मशास्त्री

(ब) वृद्धिचन्द्रशास्त्री

(स) सूर्यनारायणशास्त्री

(द) कलानाथशास्त्री

73. आदर्शरमणी किस विधा की रचना है?

(अ) उपन्यास

(ब) कथा

(स) आख्यायिका

(द) महाकाव्य

74. अभिज्ञानशाकुन्तलम् की कथा का स्रोत है?

(अ) महाभारत आदि पर्व

(ब) महाभारत वनपर्व

(स) महाभारत सभा पर्व

(द) महाभारत विराटपर्व

75. महाभारत का प्रधान रस है?

(अ) वीर (ब) शान्त

(स) श्रृंगार (द) करुण

76. वैराग्यशतक के लेखक है?

(अ) भर्तृहरि

(ब) पण्डितराज जगन्नाथ

(स) श्रीहर्ष

(द) अश्वघोष

77. पद्मपुराण का चतुर्थखण्ड कौनसा है?

(अ) स्वर्गखण्ड

(ब) भूमिखण्ड

(स) सृष्टिखण्ड

(द) पातालखण्ड

78. कुबेर द्वारा निर्वासित यक्ष कहाँ जाकर निवास करता है?

(अ) अलकापुरी

(ब) रामगिरि आश्रम

(स) जाबालिआश्रम

(द) अवन्तिका नगरी

79. वंशस्थ छन्द के प्रयोग में सिद्ध हैं?

(अ) भारवि

(ब) माघ

(स) श्रीहर्ष

(द) अश्वघोष

80. जानकीहरण महाकाव्य के लेखक हैं?

(अ) भट्टि

(ब) कुमारदास

(स) रत्नाकर

(द) सुबन्धु

81. गीता का उपदेश महाभारत के किस पर्व में संकलित है?

(अ) आदि पर्व

(ब) वनपर्व

(स) सभा पर्व

(द) भीष्मपर्व

82. ज्ञानविज्ञानयोग का वर्णन गीता के किस अध्याय में किया गया है?

(अ) तृतीय

(ब) पंचम

(स) सप्तम्

(द) नवम

83. अर्जुन के शंख का नाम क्या था?

(अ) पांचजन्य

(ब) देवदत्त

(स) पौण्ड्र

(द) सुघोष

84. अपकीर्ति किस से बढ़कर है?

(अ) अधर्म

(ब) अपमान

(स) मृत्यु

(द) परिवार

85. 'वीतरागभ्यक्रोधः' किसका लक्षण है?

(अ) तत्वदर्शी का

(ब) समदर्शी का

(स) योगी का

(द) स्थिरबुद्धि का

86. संमोह से किसकी उत्पत्ति होती है?

(अ) क्रोध

(ब) स्मृतिविभ्रम

(स) बुद्धिनाश

(द) प्राणक्षय

87. योगियों की निष्ठा किससे होती है?

(अ) ज्ञानयोग से

(ब) कर्मयोग से

(स) भक्तियोग से

(द) सिद्धयोग से

88. ज्ञान को किस के द्वारा आवृत्त किया जाता है?

(अ) अज्ञान द्वारा

(ब) अन्धकार द्वारा

(स) कामना द्वारा

(द) पाप द्वारा

89. तर्कसंग्रह किस दर्शन का ग्रन्थ है?

(अ) सांख्य

(ब) योग

(स) न्याय

(द) मीमांसा

90. 'प्रसारण' किसका भेद है?

(अ) द्रव्य

(ब) गुण

(स) कर्म

(द) सामान्य

91. अभाव के कितने भेद हैं?

(अ) 4

(ब) 2

(स) 7

(द) 5

92. 'आकाशकुसुम' किस हेत्वाभास का उदाहरण है?

(अ) आश्रयासिद्ध

(ब) स्वरुपासिद्ध

(स) बाधित

(द) विरुद्ध

93. 'तथा चायं' उदाहरण है?

(अ) प्रतिज्ञा

(ब) हेतु

(स) उपनय

(द) निगमन

94. अनद्यतन परोक्षभूत अर्थ में प्रयुक्त होता है?

(अ) लिट्

(ब) लुट्

(स) लड्

(द) लिंड्

95. 'भवे' पद में लकार वचन और पुरुष है?

(अ) लोट्, मध्यमपुरुष, द्विवचन

(ब) लट्, प्रथमपुरुष, द्विवचन

(स) लड्, प्रथमपुरुष, एकवचन

(द) विधिलिंड्, मध्यमपुरुष, एकवचन

96. विदुरनीति महाभारत के किस पर्व से सम्बद्ध है?

(अ) वनपर्व

(ब) समापर्व

(स) उद्योगपर्व

(द) शान्तिपर्व

97. सुहृन्मित्रं न लभते तमाहुः?

(अ) पण्डितः

(ब) अपरिपक्वः

(स) मूढचेतसम्

(द) नराधिपः

98. 'शशिनं रोहिणी यथा' द्वारा किसकी उपमा दी गई है?

(अ) राम–सीता

(ब) राम–लक्ष्मण

(स) दशरथ–कैकयी

(द) भरत–शत्रुघ्न

99. श्री राम की गुह से कहाँ भेट हुई?

(अ) चित्रकूट

(ब) जाबालि आश्रम

(स) श्रृंगवेरपुर

(द) वसिष्ठ आश्रम

100. इन्द्रविजय के भारत प्रक्रम में कितने प्रसंग हैं?

(अ) दश

(ब) एकादश

(स) द्वादश

(द) त्रयोदश